आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 06.06.2025** **समय : 07.10pm**

# मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री ने जम्मूकश्मीर में विश्व के सबसे **ऊंचे** चिनाब ब्रिज का किया उद्‌घाटन।
- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में कई विकास कार्यो की दी सौगात।
- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने रतलाम जिले में नवोदय विद्यालय का किया लोकार्पण।
- केन्द्र सरकार के 11 वर्षो में सांस्कृति विरासत संरक्षण पर दिया जोर।

**अब समाचार विस्तार से.**

**प्रधानमंत्री–कश्मीर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कई प्रमुख परियोजनाओं का उद्‌घाटन जम्मू-कश्मीर की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कटरा में विश्व के सबसे ऊंचे आर्क पुल चिनाब ब्रिज और अंजी पुल का उद्‌घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह अत्याधुनिक ब्रिज जम्मू और श्रीनगर के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। प्रधानमंत्री ने 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की। श्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर के भीतर कनेक्टिविटी बढ़ाने वाली वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई तथा जम्मू में मेडिकल कॉलेज की आधारशिला भी रखी। प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश अब रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है।

श्री मोदी ने कहा कि भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से हमारा पड़ोसी देश मानवता और गरीबों की आजीविका के खिलाफ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब भी पाकिस्तान ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनेगा, उसे अपनी शर्मनाक हार याद आएगी।

**अमित शाह - भाषा**

गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारतीय भाषा अनुभाग का उद्‌घाटन किया। श्री शाह ने कहा कि यह अनुभाग प्रशासन को विदेशी भाषाओं के प्रभाव से मुक्त कराने में ऐतिहासिक सिद्‌ध होगा। उन्होंने कहा कि मातृ भाषा में सोचने, विश्लेषण करने और निर्णय लेने की प्रक्रिया से ही क्षमता का पूरा इस्तेमाल संभव है। उन्होंने कहा कि सभी स्थानीय भाषाओं को सुदृढ़ बनाकर ही भारत गौरवशाली स्थिति प्राप्त कर सकता है। गृह मंत्री ने कहा कि भारतीय भाषा अनुभाग देश की भाषायी विविधता को समाहित करते हुए सभी भाषाओं के लिए एक सुदृढ़

और संगठित मंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते समय सभी भाषाओं की समृद्धि और संवेदनशीलता पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

## मुख्यमंत्री–उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज उज्जैन में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। साथ ही उज्जैन स्थित लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान में श्री चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में शामिल हुए। डॉ. यादव ने 'बूंद सहेजे बावड़ी' पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन में आयोजित की गई वेलनेस समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उज्जैन देश–विदेश के लिए मानसिक शांति, आध्यात्म, वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

## सर्वोच्च न्यायालय–नीट

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड को नीट–पीजी 2025 की परीक्षा तीन अगस्त को एक पाली में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। इससे पहले यह परीक्षा 15 जून को निर्धारित थी, लेकिन बोर्ड ने परीक्षा आयोजित करने के लिए दो महीने से अधिक समय की मांग की थी। बोर्ड ने तीन जून को समय बढ़ाने की मांग करते हुए एक आवेदन दायर किया था, जिसमें कहा गया कि उसे परीक्षा केंद्रों की संख्या दोगुनी और सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने की जरूरत है।

## आरबीआई दर कटौती

भारतीय रिजर्व बैंक–आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति– एमपीसी ने आज पिछली छह प्रतिशत वाली रेपो दर को 50 आधार अंको में लगातार तीसरी बार कटौती करके साढे पांच प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इस कटौती के बाद आशा की जा रही है कि इससे जुडी सभी बाहरी बेंचमार्क उधार दरों–ईबीएलआर में भी इसी तरह की गिरावट आएगी। बैंक अपने ऋण देने की दरों में भी कटौती कर सकते हैं।

## हरदा केंद्रीय मंत्री

जनजातीय कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने आज हरदा में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में हिस्सा लिया । केंद्रीय मंत्री ने अजनाल नदी के तट पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती कमेडिया सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों और  5 स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी आम, आंवला, नीम, बादाम, जामुन के पौधे लगाए।

**धर्मेंद्र प्रधान**

रतलाम जिले के आलोट में आज पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय–2 आलोट एवं छात्रावास और स्टाफ क्वार्टरो का लोकार्पण केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कर्नाटक राज्यपाल डॉ. थावरचन्द गेहलोत, सहित कई जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री प्रधान ने कहा कि यदि हमारे बच्चों को अच्छा अवसर मिले तो हमारे देश का हर बच्चा उत्कृष्ट परिणाम लाने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि 2020 की शिक्षा नीति के तहत नवोदय विद्यालय काम कर रहे हैं।

**विशेष फीचर- सरकार के 11 साल**

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम सांस्कृतिक विरासत संरक्षण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह भारत के सभ्यतागत गौरव को पुनर्जीवित करने की कुंजी है। पेश है एक रिपोर्ट–

**विकसित कृषि संकल्प यात्रा**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 100 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही वे विभिन्न योजनाओं के अनेक हितग्राहियों को योजनाओं के स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित भी करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होगें।

..........................